दिन–सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 23 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

बिहार विधानसभा की कार्यवाही आज बजट सत्र के पंद्रहवें दिन सुचारू रूप से चल रही है। उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बच्चों को मोबाईल की लत से हो रहे नुकसान को लेकर सरकार सजग है। श्री चौधरी ने जदयू के समृद्ध वर्मा के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि बच्चों के स्क्रीन टाइम को कम करने और ऑनलाइन गेम को नियंत्रित करने के लिए नया कानून बनेगा। इधर, सदन में विधायक निधि की राशि चार करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़ किये जाने की मांग को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधायकों की मांग से अवगत करा दिया जाएगा। विधान परिषद में भी आज की कार्यवाही सुचारू रूप से चल रही है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधान परिषद में गृह, कृषि, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, युवा रोजगार एवं कौशल विकास समेत विभिन्न विभागों के बजट पर चर्चा होगी।

———————————————————————

सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा है कि राज्य में बंद पड़ी चीनी मिलों को शीघ्र शुरू किया जाएगा। श्री कुमार ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सात निश्चय–तीन के तहत समृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दरभंगा के रैयाम और मधुबनी के सकरी चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने का कार्य सहकारिता विभाग करेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लिमिटेड और सहकारिता विभाग के बीच आज पटना में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जाएगा।

———————————————————————

आधार कार्ड में जन्मतिथि में सुधार करवाने के लिए अब क्यूआर कोड वाला जन्म प्रमाण पत्र देना होगा। बिना क्यूआर कोड वाले जन्म प्रमाण पत्र को आवेदन के समय स्वीकार नहीं किया जाएगा। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस संबंध में

सभी आधार सेवा केंद्रों को दिशा–निर्देश जारी किया है। वहीं, आधार में पता बदलने के लिए रंगीन आवासीय प्रमाण पत्र को भी अनिवार्य कर दिया गया है।

————————————————————

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा है कि राज्य की दो महत्वकांक्षी सिंचाई परियोजना, नार्थ कोयल जलाशय परियोजना और मंडई वीयर परियोजना का कार्य समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है। श्री अमृत की अध्यक्षता में आज दोनों परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य सचिव ने आगामी दिनों में भीषण गर्मी और मॉनसून को देखते हुए इन परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वार्षिक मैट्रिक परीक्षा के पांचवें दिन आज अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की जा रही है। राज्यभर के विभिन्न केंद्रों पर पहली पाली की परीक्षा शांतिपर्वूक संपन्न हो गयी। इस समय दूसरी पाली की परीक्षा चल रही है। बिहार बोर्ड की सूचना के अनुसार परीक्षा के दौरान कदाचार के आरोप में विभिन्न जिलों में अबतक सत्ताईस परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया है।

————————————————————

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची आज जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छात्र संघ चुनाव अपने तय कार्यक्रम के अनुसार अट्ठाईस फरवरी को ही होगा। गौरतलब है कि साईंस कॉलेज के प्राध्यापक के साथ मारपीट की घटना के बाद चुनाव को लेकर संशय की स्थिति बन गयी थी।

————————————————————

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के सुपर–एट में आज जिम्बाब्वे का सामना वेस्टइंडीज से होगा। यह मैच मुंबई में शाम सात बजे से खेला जाएगा। वहीं, भारत अपना अगला मुकाबला जिम्बाब्वे के खिलाफ चेन्नई में छब्बीस फरवरी को खेलेगा।

————————————————————

आकाशवाणी, भागलपुर के पूर्व उद्घोषक विजय कुमार मिश्रा का आकस्मिक निधन हो गया। वे लंबे समय तक ग्राम जगत कार्यक्रम के बिरजू भईया के रूप में आकाशवाणी से जुड़े रहे थे।

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले में बिहार पुलिस सप्ताह के तहत आज मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन में नवादा की दस साल की बच्ची अनु आकर्षण का केंद्र रही। वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में एसपी रामानंद कौशल के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गयी। इसके माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।